म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17/06/2022

क्रमांक/बोर्ड/समन्वय/ - 1506

प्रति,

सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
.... जिला ....समस्त (म0प्र0)

विषय- एल 4 लेविल पर लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के संबंध में ।

--00--

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 15-06-2022 की स्थिति में आपकी मण्डी में एल. 4 लेविल पर लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को केवल सचिव द्वारा जारी पत्रों से बंद/फोर्स क्लोज के लिए वरिष्ठालय को भेजा जाता है, जिसमें प्रकरण से संबंधित कोई भी दस्तावेज जैसे सहमति पत्र,अपात्र संबंधित दस्तावेज, शासन का कोई आदेश/परिपत्र जिसके तहत कार्यवाही की जाना प्रस्तावित है, पोर्टल पर दर्ज न होने वाले हितग्राहियों की सूची जिसमें संबंधित हितग्राही का नाम शामिल न हो की सूची, रकबा सत्यापित/असत्यापित की प्रति, यदि कोई न्यायालयीन प्रकरण हो तो उससे संबंधित दस्तावेज, यदि कलेक्टर द्वारा शिकायत को बंद/फोर्स क्लोज करने हेतु पत्र जारी किया हो तो उसकी प्रति संलग्न नहीं की जाती है जिससे शिकायतों को बंद/फोस क्लोज किया जाना संभव न होने से शिकायत लंबित की श्रेणी में दिखाई देने से प्रबंध संचालक महोदय द्वारा समीक्षा बैठकों में असंतोष व्यक्त किया जाता है।

अत: एल-4 लेविल पर लंबित समस्त शिकायतों के संबंध में बंद/फोर्स क्लोज करने के संबंध में संबंधित प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही की प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ संबंधित आंचलिक अधिकारियों के माध्यम से स्पष्ट अनुशंसा सहित समस्त शिकायतों की एकजाई जानकारी न भेजते हुए अनिवार्यत पृथक-पृथक प्रतिवेदन 03 दिवस के अंदर भेजें। भविष्य में भी एल-4 पर लंबित शिकायत को बंद करने /फोर्स क्लोजकरने हेतु पृथक-पृथक प्रतिवेदन मय सहपत्रों को तत्काल भेजना सुनिश्चित करें।

17/6/2022

संयुक्त संचालक (समन्वय)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/समन्वय/22-23/1507 भोपाल, दिनांक 17/06/2022

प्रतिलिपि :- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1 निज सहायक, प्रबंध संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल

2; सयुंक्त संचालक/उप संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय .... (समस्त)

3 कार्यपालन यंत्री, म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड, तकनीकी संभग ....(समस्त)

17/6/2022

संयुक्त संचालक (समन्वय)
म0प्र0 राज्य क़ृषि विपणन बोर्ड
भोपाल